समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ज़ी सिने अवॉर्ड्स मे ‘आंखों की गुस्ताखियां’ की पहली झलक जारी, विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की केमिस्ट्री ने मचाया धमाल।

Publisher Published on 20 May 2025




## ज़ी सिने अवॉर्ड्स मे दिखी विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की ‘आंखों की गुस्ताखियां’, पहली झलक ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

**मुंबई, 20 मई 2025: विक्रांत मैसी** और **शनाया कपूर** स्टारर रोमांटिक फिल्म ‘**आंखों की गुस्ताखियां**‘ की पहली झलक ने **ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2025** में दर्शकों को भावुक और रोमांचित कर दिया। यह फिल्म शनाया कपूर की बॉलीवुड डेब्यू है और विक्रांत मैसी जैसे प्रतिभाशाली कलाकार के साथ उनकी **ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री** ने फिल्मप्रेमियों का दिल जीत लिया है।

**पहली झलक मे क्या था खास ?**

ज़ी सिने अवॉड्र्स के मंच पर प्रस्तुत किए गए इस टीज़र में विक्रांत और शनाया के किरदारों की झलक बेहद संवेदनशील और गहराई से भरपूर थी। इनकी **ऑन-स्क्रीन कैमिस्ट्री, भावनात्मक दृश्यों** और **नैचुरल परफॉर्मेंसं** को दर्शकों ने खूब सराहा।

**फिल्म की कहानी और थीम**

‘**आंखों की गुस्ताखियां**’ एक संगीतमय प्रेम कहानी है जो **करुणा, आत्मविश्वास, इच्छाशक्ति,** और **आत्मनिर्भरता** जैसे भावनाओं को छूती है। यह फिल्म न केवल एक रोमांटिक सफर दिखाती है बल्कि व्यक्तिगत विकास और रिश्तों की गहराई को भी उजागर करती है।

**क्रू और प्रोडक्शन डिटेल्स**

निर्देशक: **संतोष सिंह**

कहानी: **मानसी बगला**
संगीत: **विशाल मिश्रा**
प्रस्तुति: **ज़ी स्टूडियोज़ और मिनी फिल्म्स**
निर्माता: **मानसी बगला और वरुण बगला**

### कब होगी फिल्म रिलीज़ ?

'**आंखों की गुस्ताखियां**' **11 जुलाई 2025** को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। फिल्म को लेकर पहले से ही सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा है।

### दर्शकों की प्रतिक्रिया

टीज़र रिलीज़ के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर **#AankhonKiGustakhiyan** ट्रेंड करने लगा। दर्शकों ने विक्रांत और शनाया की जोड़ी को "**Refreshing**" और "**दिल को छू जाने वाली**" बताया।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.